भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 34 | बिजौलिया - सोमवार,14 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

मोटरसाइकिल पर कट्टे में डोडा चूरा तस्करी करते एक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोटड़ी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर डोडा चूरा की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21.620 किलो डोडा चूरा बरामद कर मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन एवं थाना अधिकारी गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान जावल गांव के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर कट्टे में छिपाकर रखा 21.620 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से जगदीश जाट (45) निवासी रानीखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मादक पदार्थ एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से डोडा चूरा की तस्करी के नेटवर्क और इसके स्रोत के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस दौरान टीम में एसएचओ गजेंद्र सिंह सहित कांस्टेबल हेमराज चौधरी ,मोती लाल , राकेश कुमार, प्रदीप कुमार ने कार्यवाही को अंजाम दिया।



नतीजे से पहले प्रत्याशियों की 'बाड़ेबंदी' कहीं पूल पार्टी तो कहीं भजन-कीर्तन

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

निकाय चुनाव के नतीजे आने से पहले राजस्थान में भाजपा समेत राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों को एकजुट रखने की कवायद शुरू कर दी है। प्रशिक्षण शिविर के नाम पर प्रत्याशियों को होटल, रिसॉर्ट और अन्य सुरक्षित स्थानों पर रखा जा रहा है। जयपुर में भाजपा के 150 पार्षद प्रत्याशियों को बगरू स्थित होटल में ठहराया गया है। इनमें भाजपा प्रत्याशी निधि सेन अपनी दो महीने की बेटी को गोद में लेकर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का आदेश है, इसलिए शिविर में रहेंगी और सास के साथ मिलकर बच्ची की देखभाल करेंगी।

राजस्थान के अलग-अलग शहरों में इस 'बाड़ेबंदी' के दौरान अलग-अलग तस्वीरें सामने आ रही हैं। कहीं प्रत्याशी रिसॉर्ट में पूल पार्टी और दाल-बाटी का आनंद लेते नजर आए



तो कहीं मंदिर में ठहरे प्रत्याशियों ने भजन-कीर्तन किया। टोंक में महिला डांसर के साथ पूर्व सरपंच का 'गमछा डांस' चर्चा में रहा। पाली में रवाना होती बस से एक प्रत्याशी ने हाथ से जीत का संकेत दिखाया।

प्रत्याशियों को करीब 10 दिन तक साथ रखने की तैयारी है। इसी बीच नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने प्रशिक्षण शिविर के नाम पर चल रही इस कवायद पर सवाल उठाते हुए इसे 'नागनाथ-सांपनाथ' की राजनीति से जोड़कर निशाना साधा। वहीं प्रत्याशियों में भी चर्चाएं हैं कि 14 सितंबर के परिणाम के बाद 22 सितंबर तक कौन साथ रहेगा और किसकी घर वापसी होगी, यह जीत-हार पर निर्भर करेगा। अब परिणाम के साथ ही साफ होगा कि किस दल के कितने पार्षद जीतकर आते हैं और बोर्ड बनाने में किसका पलड़ा भारी रहता है।

कांग्रेस नेता के इकलौते बेटे की मौत, 10 दिन पहले हुई थी सगाई; कमरे से मिला 'आई एम सॉरी' लिखा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ श्रीगंगानगर।



जैसल सिंह

श्रीकरणपुर पंचायत समिति के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस नेता युवरेंद्र सिंह के 27 वर्षीय इकलौते बेटे जैसल सिंह बराड़ की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना श्रीकरणपुर क्षेत्र के 5-ओ स्थित उनके घर की है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पत्र और लाइसेंसी हथियार बरामद कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जैसल की करीब 10 दिन पहले ही सगाई हुई थी और घर में खुशी का माहौल था। वह राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा की तैयारी कर रहा था। शनिवार शाम जब घर का कर्मचारी उसे चाय देने कमरे में पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। परिवार को सूचना मिलने के बाद घर में मातम छा गया।

श्रीकरणपुर के उपाधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। 'आई एम सॉरी' लिखा पत्र भी मिला है। पुलिस ने पत्र और अन्य साक्ष्यों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार को विधि-विज्ञान दल ने भी घटनास्थल से आवश्यक नमूने लिए।

रविवार सुबह चिकित्सकीय मंडल से शव का परीक्षण कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस फिलहाल घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है।

युवरेंद्र सिंह वर्ष 2000 से 2005 तक श्रीकरणपुर पंचायत समिति के प्रधान रहे थे। उनके पिता बाघ सिंह भी पंचायत समिति के प्रधान रह चुके हैं।

तेज रफ्तार कार ने तीन दोस्तों को कुचला, मौत; रंजिश में हत्या का आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ अलवर।

अरावली विहार थाना क्षेत्र के काली मोरी स्थित मोती नगर में शनिवार रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक और कार नाले की करीब पांच फीट ऊंची दीवार से जा टकराईं और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

परिजनों ने रंजिश के चलते तीनों की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कार से टक्कर मारने के बाद युवकों पर पत्थर से भी हमला किया गया। घटना के बाद रविवार सुबह परिजन और स्थानीय लोग जिला अस्पताल के बाहर बिजलीघर चौराहे पर धरने पर बैठ गए।



धरने पर बैठे आक्रोशित परिजन, रिश्तेदार और अन्य

परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वे धरना समाप्त नहीं करेंगे और शव भी नहीं लेंगे। करीब 9 घंटे बाद पुलिस और परिजनों के बीच सहमति बनी।

राजस्थान में बारिश का दौर, 29 जिलों में अलर्ट

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में मौसम का मिजाज बदला है। शनिवार को जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। उदयपुर संभाग में करीब 2 इंच तक पानी बरसा, जबकि जोधपुर में एक महीने बाद हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार 16 सितंबर तक दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश का दौर जारी रह सकता है। पश्चिमी जिलों में अगले सप्ताह के अंत से मानसून की विदाई का चरण शुरू होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी हवाओं के असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में गर्मी बढ़ रही है। जैसलमेर और बाड़मेर में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया।

आज खुलेगा ईवीएम का राज, किसके सिर सजेगा जीत का ताज?

सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना, 11 बजे तक मिलने लगेगी तस्वीर; भीलवाड़ा की 11 निकायों में प्रत्याशियों की धड़कनें तेज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

चुनावी शोर थम चुका है, दावे और समीकरण अब आखिरी पड़ाव पर हैं। चौराहों, चाय की चौपालों और राजनीतिक गलियारों में आज बस एक ही सवाल है–किसके सिर जीत का ताज सजेगा और किसके हाथ सत्ता की चाबी आएगी? भीलवाड़ा की 11 निकायों के चुनाव परिणाम आज सामने आएंगे और ईवीएम में बंद प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा।

सुबह 8 बजे स्ट्रांग रूम खुलेंगे और मतगणना शुरू होगी। जैसे-जैसे राउंड आगे बढ़ेंगे, वैसे-वैसे चुनावी तस्वीर साफ होती जाएगी। शुरुआती रुझान आने के साथ कहीं जश्न की तैयारी शुरू होगी तो कहीं उम्मीदों पर विराम लगेगा। माना जा रहा है कि करीब 11 बजे तक कई वार्डों की तस्वीर काफी हद तक साफ होने लगेगी।

70 वार्ड, 277 प्रत्याशियों का फैसला

भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों में 277 प्रत्याशी मैदान में हैं। तिलक नगर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में मतगणना होगी। इसके लिए दो अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। एक कक्ष में वार्ड 1 से 35 और दूसरे में वार्ड 36 से 70 तक की मतगणना होगी।



10 नगर पालिकाओं के नतीजे भी आज

नगर निगम के साथ जिले की अन्य 10 नगर पालिकाओं के परिणाम भी आज सामने आएंगे। मतगणना के साथ ही यह तय होगा कि कहां किस दल का बोर्ड बनेगा। स्पष्ट बहुमत नहीं आने की स्थिति में निर्दलीय और बागी प्रत्याशियों की भूमिका भी अहम हो सकती है।

आज हर राउंड पर टिकी रहेंगी नजरें

मतदान के बाद से प्रत्याशी बूथवार गणित बैठाकर अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

समर्थक भी अपने-अपने आंकड़ों के आधार पर परिणाम का अनुमान लगा रहे हैं। लेकिन आज ईवीएम के हर राउंड के साथ दावों की असली परीक्षा होगी। किसी के लिए यह दिन नई राजनीतिक पारी की शुरुआत करेगा तो किसी के लिए बड़ा झटका लेकर आएगा।

नतीजे से पहले ही अध्यक्ष की कुर्सी पर घमासान, शाहपुरा में सियासी 'खेला' शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी। नगर पालिका चुनाव के नतीजे अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन पालिका की सत्ता की असली लड़ाई यानी अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। 35 वार्डों वाली शाहपुरा नगर पालिका में मतदान के बाद से ही राजनीतिक दलों और दावेदारों ने संभावित परिणामों का गणित बैठाना शुरू कर दिया है। पार्षदों के नतीजे आने से पहले ही संपर्क साधने और अपने-अपने खेमे मजबूत करने की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।

इस बार शाहपुरा में अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग के लिए है। ऐसे में कांग्रेस के भीतर अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रमुख दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। तीनों दावेदार अपने राजनीतिक संपर्क और संभावित समर्थक पार्षदों के दम पर अध्यक्ष पद की दौड़ में बढ़त बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अब परिणाम आने के बाद यह साफ होगा कि किस दावेदार के साथ कितने पार्षद खड़े होते हैं।

कांग्रेस में तीन दावेदारों के चलते पार्टी के अंदर खेमेबाजी की स्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं एक खेमे की ओर से संभावित विजयी पार्षदों को एकजुट रखने के लिए बाड़ेबंदी की कवायद की चर्चा भी सामने आ रही है। यदि परिणाम में किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है तो यह सियासी कवायद और तेज हो सकती है।

दूसरी ओर भाजपा फिलहाल एकजुट खेमे के रूप में नजर आ रही है। पार्टी के भीतर अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस जैसी खुली खेमेबाजी सामने नहीं आई है। हालांकि परिणाम के बाद यदि बहुमत के आंकड़े में कुछ सीटों की कमी रहती है तो भाजपा भी निर्दलीय पार्षदों के साथ समीकरण साधने की कोशिश कर सकती है।

35 वार्ड तय करेंगे पालिका की चाबी

शाहपुरा पालिका के 35 वार्डों के परिणाम ही अध्यक्ष पद की पूरी तस्वीर तय करेंगे। किसी दल को स्पष्ट बहुमत मिलने पर अध्यक्ष चुनाव का रास्ता आसान होगा, लेकिन यदि मुकाबला कांटे का रहा या निर्दलीय बड़ी संख्या में जीतकर आए तो एक-एक पार्षद की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। ऐसी स्थिति में निर्दलीय पार्षद बोर्ड गठन में किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं।

कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती तीन दावेदारों में से किसी एक के नाम पर सहमति बनाने की होगी। साथ ही यह भी देखना होगा कि जीतकर आने वाले पार्षद किस खेमे के साथ खड़े होते हैं। भाजपा की नजर भी कांग्रेस के इसी अंदरूनी समीकरण पर रहेगी।

निकाय चुनाव में मतदान खत्म हो चुका है, लेकिन शाहपुरा की सत्ता का सियासी खेल अभी बाकी है। नतीजे बताएंगे कि जनता ने किसे जनादेश दिया और उसके बाद पार्षदों का गणित तय करेगा कि पालिका की सत्ता किसके हाथ आती है। अब सभी की निगाहें चुनाव परिणाम के साथ-साथ अध्यक्ष पद की दौड़ और बदलते राजनीतिक समीकरणों पर टिकी हैं।

नगर निकाय चुनाव : मतगणना की तैयारियां पूरी

भीलवाड़ा नगर निगम सहित 10 नगर पालिकाओं में सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत नगर निगम भीलवाड़ा सहित जिले की सभी 10 नगर पालिकाओं में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में मतगणना को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है।

नगर निगम भीलवाड़ा की मतगणना पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। यहां पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधिकारी, निर्वाचन शाखा, नियंत्रण कक्ष, कंप्यूटर, मीडिया, लेखा-भुगतान, स्टोर, आरक्षित मतदान दल और यातायात सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के लिए अलग-अलग कक्ष निर्धारित किए गए हैं।

इसी प्रकार जिले की सभी 10 नगर पालिकाओं में संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों की ओर से मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मतगणना में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी, सुरक्षा व्यवस्था, आवश्यक संसाधन, नियंत्रण कक्ष और मीडिया व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया।

नगर निगम भीलवाड़ा की मतगणना पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर प्रवेश की रहेगी पृथक व्यवस्था

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर निगम भीलवाड़ा के नगर निकाय चुनाव 2026 की मतगणना राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, तिलकनगर, भीलवाड़ा में आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर प्रवेश एवं अन्य व्यवस्थाएं निर्धारित की गई हैं।

मतगणना में लगे गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक एवं अन्य व्यवस्थाओं में लगे अधिकारी-कर्मचारी राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, तिलकनगर के दक्षिण दिशा में बनाए गए अस्थाई प्रवेश द्वार से प्रवेश करेंगे। प्रभारी अधिकारी, सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ द्वारा बनाए गए अस्थाई प्रवेश द्वार को दो भागों में विभक्त किया गया है।


इसी प्रकार नगर निगम भीलवाड़ा के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी, उनके द्वारा नियुक्त निर्वाचन अभिकर्ता एवं समस्त नियुक्त गणना अभिकर्ता महाविद्यालय के पश्चिम दिशा में बनाए गए अस्थाई प्रवेश द्वार से प्रवेश कर, पश्चिम दिशा के चैनल गेट के माध्यम से निर्धारित मतगणना कक्ष में पहुंचेंगे। इसी प्रकार प्राधिकार पत्र वाले तय मीडिया प्रतिनिधि सामने के मुख्य गेट से प्रवेश कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर प्रवेश व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

ईश्वर की कृपा पाने के लिए पात्र बनना पड़ता है-आचार्य पुलकसागर महाराज

आचार्य पुलकसागर से मिलने आज आएंगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत







भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के दर्शन एवं धर्म चर्चा के लिए सोमवार को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज भीलवाड़ा आएंगे। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सुबह 11 बजे आचार्यश्री के प्रवास स्थल शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल पहुंचेंगे। यहां चातुर्मास समिति द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद संघ प्रमुख भागवत एवं आचार्य पुलकसागरजी के मध्य करीब एक घंटे विभिन्न धार्मिक,सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर विचार विर्मश होगा। संघ प्रमुख आगमन से चातुर्मासिक प्रवचन सुनने आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए सोमवार को प्रवचन का समय सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक ही रहेगा। प्रवेश एवं निकासी के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। आचार्य पुलकसागर महाराज ने रविवार को चातुर्मासिक प्रवचन में शुद्धोपयोगी एवं शुभोपयोगी में भेद समझाते हुए कहा कि मुनि ओर श्रावक का धर्म अलग-अलग होता है। आराध्य को जानने पर ही आराधक बन पाएंगे। दीक्षा लेने पर सभी मुनि बनते है, आचार्य एवं उपाध्याय का भी मूल पद साधु ही होता है। चौथे काल तक हुए शुद्धोपयोगी मुनि प्रवचन नहीं देते कर्म क्षय कर मोक्ष चले जाते है। वर्तमान पांचवे काल का आचार्य भी शुद्धोपयोगी मुनि को प्रणाम करता है। वर्तमान में श्रावकों का कल्याण का मार्ग शुभोपयोगी मुनि ही बता रहे है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के मोक्ष जाने के बाद पिछले करीब 2600 वर्ष से पंचम काल प्रारंभ हुआ है। इस काल के मुनि रिद्धि नहीं होती ओर शुद्धोपयोगी नहीं होते है। जो मुनि होते है वह कर्म क्षय की प्रार्थना करते जबकि जो संसारी होते है वह पाप क्षय की प्रार्थना करते है। आचार्यश्री ने कहा कि भगवान देने में कभी कमी नहीं रखते पर हम ले नहीं पाते है। पर्युषण आ रहे है, हम ईश्वर कृपा लेने के लिए पात्र बनना होगा ओर उसके लिए ताकत जुटानी होगी। ये कृपा पाने के लिए सप्त कुव्यसनों का त्याग, रात्रि भोजन त्याग सहित बुराईयों को छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गृहस्थ रहते हुए व्यवहारिक जीवन में समझोते करने पड़ते है लेकिन ये संकल्प अवश्य करे कि धर्म क्षेत्र में झूठ नहीं बोलेंगे ओर पाप नहीं करेंगे। गुरू के समक्ष ओर मंदिर में झूठ नहीं बोलेंगे। व्यापार में हिंसा क्षम्य हो सकती लेकिन हिंसा का व्यापार नहीं हो सकता। व्यापार में झूठ हो सकता लेकिन झूठ का व्यापार नहीं किया जा सकता। मिट्टी को सोना बताकर बेचना झूठ का व्यापार होता है।

पर्युषण की साधना के साथ होगा पाप नाशनम शिविर

आचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में पर्युषण (दशलक्षण) पर्व की साधना 16 से 25 सितम्बर तक सूर्यमहल में होगी। इस अवधि में आयोजित होने वाले दस दिवसीय पाप नाशनम शिविर के लिए सैकड़ो श्रावक श्राविकाओं ने पंजीयन कराया है। प्रवचन के शुरू में श्रावकों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट किया गया। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतिदिन चातुर्मासिक शाम 7 से 8 बजे तक आनंद यात्रा एवं आरती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।

माता त्रिशला ने देखे 14 स्वप्न,छाई वीर प्रभु के जन्म की खुशियां, झूम उठे श्रद्धालु

बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्युषण पर्व की आराधना





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के तहत बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ श्रद्धाभाव से प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। इसके तहत शनिवार रात मंदिर उपासरे में प्रभु भक्ति के तहत भगवान महावीर का संगीतमय जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म से पूर्व माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावनाओं से सराबोर कर दिया। जैसे ही वीर प्रभु का जन्म हुआ चारों तरफ खुशियां छा गई ओर जयकारे गूंज उठे ओर भक्तगण बधाईयां देते हुए नृत्य करते हुए झूम उठे। वीर प्रभु के पालने को गाजे बाजे के साथ मंदिर में राजमल सिंदुरिया परिवार अपने सिर पर विराजमान करके पहुंचे। उनके प्रवेश करते ही प्रत्येक भक्त खुशी से झूम उठा ओर नाचने गाने लगा। चढ़ावे के साथ भक्ति का संगम हुआ तो हर भजन पर भक्त झूमते रहे। वीर प्रभु के जन्मोत्सव की इस भक्ति संध्या में श्रद्धालुओं ने जन्मयों राजदुलारों दुनिया रो तारणहारो, बजे कुण्डलपुर में बधाई, त्रिशला रो जायोडो इन दुनिया पर जादू कर ग्यो आदि भजनों से माहौल भक्ति भाव से सरोबोर कर दिया। अंतिम स्वप्न दर्शन के बाद प्रभु जन्म का समय हुआ तो पूरा प्रांगण त्रिशला नंदन वीर की जय बालो महावीर के जयघोष से गूंजायमान हो उठा। इस दौरान चढ़ावे के कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक लाभार्थी परिवारों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए धर्म प्रभावना का भरपुर लाभ प्राप्त किया। चौदह स्वप्न लाभार्थी परिवारों में पुष्पलता जितेन्द्र महात्मा, विजयसिंह ऋषभ कोठारी, चंचलमल ललित कर्णावट, प्रभादेवी मनीष बापना, मनोहरसिंह कैलाश रांका, घिसीबाई भंवरलाल विमलभाई नागौत्रा, झमकलाल दिलीपकुमार जैन (चौधरी), हिमांशु भावना जैन, चंचलदेवी युग कावड़िया परिवार सहित कुछ गुप्त परिवार शामिल थे। वीर प्रभु को पालना झुलाने का लाभ राजमल अमित सिंदुरिया परिवार ने, झालर का लाभ रतन पूनम संचेती परिवार, चंवर का लाभ लादूसिंह अमित दीपक लोढ़ा परिवार, माला का लाभ निर्मलादेवी, मनोज विनोद महात्मा परिवार ने, आरती ओर मंगल दीपक का लाभ मनोहरसिंह,कैलाश,सुशील रांका परिवार ने प्राप्त किया। श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर समिति के तत्वावधान में पर्युषण के छठे दिन रविवार को पक्षाल व केसर पुजा का लाभ गणेश(लंकेश) उषादेवी, कौशल, ऋषभ आयुष सुराणा परिवार ने प्राप्त किया। परमात्मा की प्रातःकालीन आरती एवं मंगल दीपक का लाभ प्रेमचंद सुरेन्द्रकुमार कुलदीप गुगलिया परिवार ने पाया। नाकोड़ा भैरूजी देव एवं पद्मावती माता की आरती का लाभ पुष्पलता, जितेन्द्र, संतोष, हार्दिक महात्मा परिवार ने लिया। परमात्मा की अंगरचना का लाभ गणेश(लंकेश) उषादेवी, कौशल, ऋषभ आयुष सुराणा परिवार ने प्राप्त किया। इसी तरह सांयकालीन भगवान की आरती एवं मंगलदीपक तथा नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावति माता की आरती का लाभ राजू सेठिया, गौरव डागा, विजय संचेती, रतन संचेती, दर्शन तातेड़, दिलीप जैन, कुलदीप गुगलिया,कमल रूणीवाल (फ्रेण्ड्स ग्रुप) ने प्राप्त किया। परमात्मा की पूजा करने वाले बच्चों की प्रभावना के लाभार्थी प्रेमचंद गुगलिया परिवार रहा। अंगरचना बनाने में सहयोग संजय लोढ़ा,दिनेश गोलेछा, सुनीता खाब्या, साक्षी आंचलिया,संयम कर्णावट, आकर्षि कोठारी, कनिका गुगलिया, श्रेयांश गुगलिया,युग कावड़िया, नेहा कावड़िया आदि का रहा। पर्युषण पर्व के छठे दिन मंदिर में 51 से ज्यादा बच्चों ने परमात्मा की पूजा की।

बच्चों की इस भक्ति भावना की मंदिर समिति ने हार्दिक अनुमोदना करते हुए खुशी जताई। मंदिर समिति के संरक्षक सुशीलादेवी सिंघवी, बलवंतसिंह मेहता, अध्यक्ष मनीष बापना, उपाध्यक्ष गुणवंतलाल जैन, मंत्री दिनेश गोलेछा,सहमंत्री कुलदीप गुगलिया,कोषाध्यक्ष अनिल बिसलोत आदि पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से पर्युषण पर्व में होने वाले कार्यक्रमों में पधार कर कर्मो की निर्जरा कर भक्ति का आनंद लेने का आग्रह किया है।

जोगणिया माता मंदिर में गूंजे गवरी के गीत, मेवाड़ की लोक संस्कृति हुई जीवंत

भील समाज के कलाकारों ने दी पारंपरिक गवरी नृत्य की प्रस्तुति, छप्पन भोग के बाद 3 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महाप्रसादी



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ मंदिर में रविवार को धार्मिक आस्था के साथ मेवाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति का संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में भील समाज के कलाकारों ने पारंपरिक गवरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं माता रानी को छप्पन भोग अर्पित करने के बाद करीब 3 हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय और उत्सवी माहौल बना रहा।

गवरी नृत्य के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा और लोक शैली में विभिन्न प्रस्तुतियां देकर मेवाड़ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। गवरी दल का नेतृत्व मोटा भाई गोवरिया ने किया। दल में कालूराम, गोदलाल, गोपीलाल, लोहान सहित अन्य कलाकार शामिल रहे। सभी कलाकार चित्तौड़गढ़ जिले के भदेसर तहसील क्षेत्र से पहुंचे थे। प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के अवसर पर श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने गवरी दल के कलाकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संस्थान ने कहा कि गवरी केवल लोकनृत्य नहीं, बल्कि भील समाज की धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और सदियों पुरानी परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। ऐसी परंपराओं का संरक्षण कर उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है।

छप्पन भोग के बाद महाप्रसादी

रविवार को मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर में नवरात्रि जैसा भक्तिमय वातावरण नजर आया। इस अवसर पर मोतिपुर, आसींद निवासी अरविंद सेन की ओर से माता रानी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद करीब 3 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर माता का आशीर्वाद लिया।

संस्थान के अनुसार प्रत्येक रविवार को जोगणिया माता के दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु माता के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंच रहे हैं। संस्थान ने गवरी दल के कलाकारों का आभार जताते हुए मेवाड़ की धार्मिक एवं लोक परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया।



QUICK BITES

रामद्वारा में श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,



माणिक्यनगर स्थित रामद्वारा में आचार्य स्वामी रामदयालजी महाराज के सानिध्य में विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के तहत श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह एवं 108 मूल भागवत पाठ का शुभारंभ हुआ। कथा का वाचन संत मनोरथराम रामजी राम मचलाना कर रहे हैं।

संत मनोरथराम ने कहा कि करोड़ों जन्मों के पुण्य से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का अवसर मिलता है। भागवत मन को पवित्र करने, संताप दूर करने और मुक्ति का मार्ग दिखाने वाला ग्रंथ है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि संत की कृपा के बिना भक्ति और मुक्ति संभव नहीं है। राम नाम और संतों की संगति से जीवन सार्थक होता है। उन्होंने अनुभव वाणी के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और मर्यादित जीवन का संदेश दिया।

पुष्कर से आए 108 विद्वान पंडितों द्वारा मूल भागवत पाठ शुरू किया गया। 108 यजमान परिवारों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। आयोजन 20 सितंबर तक चलेगा। प्रतिदिन कथा और वाणीजी के प्रवचन होंगे। देश-विदेश से श्रद्धालु इसमें शामिल हो रहे हैं।

अखिल राजस्थान प्रबोधन संघ की बैठक आयोजित, 18 सितंबर से बनकाखेड़ा में जिला सम्मेलन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव):- अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के शैक्षिक सम्मेलन को लेकर रविवार को बनकाखेड़ा में मोचडिया के मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशन सिंह राठौड़ ने की व जिला संयोजक नरेंद्र सिंह व जिला महामंत्री ललित शर्मा ने 18 सितंबर शुक्रवार को होने वाले प्रबोधक संघ के जिला सम्मलेन की रूपरेखा तैयार की । जिसमें अतिथि, स्वागत, विभिन्न प्रकार की कमेटी, भोजन, चाय नाश्ता, की अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई । जिसमें कोटड़ी ब्लॉक से उपस्थित साथियों ने अपनी जिम्मेदारी को तन, मन, धन से निभाने का संकल्प लिया । अंत में कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष देवराज सिंह एवं हरिशंकर जाट ने मीटिंग में पधारे सभी जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य का आभार व्यक्त कया। बैठक में विमल आचार्य, गोपाल बैरवा, अशोक गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, दर्शन सिंह,शंकर सिंह, सुवालाल जाट, गोपाल जाट, गोपाल गाडरी, युनूस परवेज, पीरू मोहम्मद, नंद सिंह, नारायण गाडरी आदि उपस्थित रहे ।।



कल खुलेगा शाहपुरा नगर पालिका के 35 वार्डों के जनादेश का पिटारा

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, 7 टेबल पर 5 राउंड में गिने जाएंगे वोट 7 110 प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

नगर पालिका शाहपुरा के 35 वार्डों के लिए 11 सितंबर को हुए मतदान के बाद अब मतगणना की घड़ी नजदीक आ गई है। सोमवार को शहर के 35 वार्डों के मतदाताओं द्वारा दिए गए जनादेश का फैसला सामने आएगा। मतगणना को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में सोमवार सुबह 8 बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। मतगणना स्थल पर सुरक्षा से लेकर अभिकर्ताओं के प्रवेश और गणना व्यवस्था तक सभी इंतजामों को अंतिम रूप दे दिया गया है।रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने रविवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से मतगणना व्यवस्था, टेबल, सुरक्षा इंतजाम और प्रवेश व्यवस्था की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के 35 वार्डों के लिए चुनाव मैदान में रहे कुल 110 अभ्यर्थियों और उनके अधिकृत गणन अभिकर्ताओं को वार्डवार मतगणना प्रक्रिया का अवलोकन करने की व्यवस्था रहेगी।



पहले पोस्टल बैलेट, फिर ईवीएम के मतों की गणना

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। इसके बाद मतदान मशीनों में दर्ज मतों की गणना होगी। शाहपुरा में मतगणना के लिए 7 टेबल निर्धारित की गई हैं और कुल 5 राउंड में मतों की गणना पूरी होगी। प्रत्येक राउंड के साथ अलग-अलग वार्डों के प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होती जाएगी और परिणाम को लेकर शहरवासियों की उत्सुकता भी बढ़ेगी।मतगणना को पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मतगणना पर्यवेक्षकों और मतगणना सहायकों की नियुक्ति की गई है। इन्हें 12 सितंबर को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान मतगणना प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग के नियमों और मतगणना से संबंधित आवश्यक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रवेश पत्र वालों को ही मिलेगी मतगणना स्थल में एंट्री

मतगणना स्थल पर प्रशासन ने प्रवेश को लेकर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। केवल उन्हीं अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रत्याशियों एवं अधिकृत गणन अभिकर्ताओं को प्रवेश दिया जाएगा, जिन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। बिना अधिकृत प्रवेश पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन, गुटखा, तंबाकू, धूम्रपान तथा खाने-पीने की वस्तुएं ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने मतगणना प्रक्रिया के दौरान अनुशासन बनाए रखने और निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं।

पुलिस सुरक्षा के घेरे में होगी मतगणना

मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। पुलिस उप अधीक्षक नानालाल साल्वी और थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं, ताकि मतगणना शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।11 सितंबर को मतदान के बाद से ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें परिणाम पर टिकी हुई हैं। अब सोमवार को मतों की गिनती के साथ ही 35 वार्डों में किसके पक्ष में जनता ने अपना फैसला सुनाया और किस प्रत्याशी के सिर जीत का ताज सजेगा, यह तस्वीर भी साफ हो जाएगी। प्रशासन ने जहां मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं, वहीं प्रत्याशी और समर्थक परिणाम की घड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

काछोला में पंचायत की बेशकीमती भूमि के आवंटन को लेकर विवाद

स्टेट हाईवे से सटी जमीन बाहरी कॉलोनाइजर को देने की तैयारी का ग्रामीणों का आरोप, संघर्ष समिति पहुंची हाईकोर्ट

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ क्षेत्र के काछोला कस्बे में स्टेट हाईवे से सटी पंचायत की बेशकीमती आबादी भूमि के आवंटन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों और काछोला संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपये मूल्य की पंचायत भूमि को बाहरी कॉलोनाइजर को आवंटित करने की प्रक्रिया नियमों को दरकिनार कर आगे बढ़ाई जा रही है। वहीं, भूमि आवंटन से जुड़े मामले को लेकर संघर्ष समिति की ओर से हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब भूमि से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में आवंटन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जल्दबाजी कई सवाल खड़े करती है। संघर्ष समिति ने संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, एसडीएम मांडलगढ़ और विकास अधिकारी मांडलगढ़ को पत्र भेजकर भूमि आवंटन प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

हाईवे किनारे होने से जमीन महत्वपूर्ण

विवादित भूमि काछोला-धामनिया स्टेट हाईवे से सटी हुई बताई जा रही है और थलकलां चौराहे के पास स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार जमीन की स्थिति को देखते हुए भविष्य में इसका उपयोग सार्वजनिक सुविधाओं, सरकारी संस्थानों अथवा अन्य जनहित के कार्यों के लिए किया जा सकता है। ऐसे में पंचायत की भूमि को निजी उपयोग के लिए आवंटित किए जाने की प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

संघर्ष समिति का आरोप है कि पंचायत भूमि से सटी खातेदारी भूमि में कोटड़ी के एक कॉलोनाइजर द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंड विकसित कर बेचने की योजना है। समिति के अनुसार उक्त भूमि में प्रवेश के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण पिछले करीब तीन वर्षों से प्रस्तावित भूखंडों का विक्रय नहीं हो सका है। इसी को लेकर पंचायत की भूमि से रास्ता उपलब्ध कराने अथवा भूमि आवंटित कराने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है।

बैठकों में हुआ था विरोध

संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के अनुसार पंचायत भूमि के आवंटन को लेकर मांडलगढ़ पंचायत समिति के तत्कालीन विकास अधिकारी द्वारा पिछले वर्ष तीन बार साधारण सभा की बैठक बुलाए जाने का प्रयास किया गया था। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए बैठकों का बहिष्कार किया था।

इसी बीच उक्त आबादी भूमि में पांच पट्टे जारी किए जाने के लिए संबंधित पक्षों से डीएलसी दर के आधार पर राशि ग्राम पंचायत में जमा कर रसीद जारी किए जाने की बात भी सामने आई है।

पंचायत समिति सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद तत्कालीन विकास अधिकारी की ओर से आबादी भूमि में पट्टे जारी करने की अनुशंसा संबंधी फाइल जिला परिषद को भेजी गई। इसके बाद फाइल को संभागीय आयुक्त से अनुमोदन कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाए जाने की बात संघर्ष समिति ने कही है।

तीन साल पहले रास्ते को लेकर हुआ था विवाद

संघर्ष समिति प्रतिनिधि ओमनाथ योगी के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व पंचायत भूमि से जबरन रास्ता निकालने को लेकर कॉलोनाइजर और तत्कालीन सरपंच प्रह्लाद नट के बीच विवाद हुआ था। प्रशासन की मौजूदगी में पंचायत भूमि पर चारदीवारी कर उसे सुरक्षित किया गया था तथा ग्राम पंचायत की ओर से भूमि पर मालिकाना हक संबंधी बोर्ड भी लगाया गया था।

भूमि के आवंटन की आशंका को लेकर ओमनाथ योगी ने जोधपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। संघर्ष समिति का आरोप है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भूमि आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।



नई जांच कमेटी ने भी माना- हाईकोर्ट में चल रहा मामला

हाल ही में नव नियुक्त विकास अधिकारी ने आदेश क्रमांक 1114, दिनांक 1 सितंबर 2026 के तहत मामले की जांच के लिए नई कमेटी गठित की। कमेटी में दो सहायक विकास अधिकारी और एक अतिरिक्त विकास अधिकारी को शामिल किया गया। कमेटी ने 3 सितंबर को मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच रिपोर्ट के अनुसार श्रवण कुमार सोनी, ज्योति सोनी और आशा सोनी, निवासी कोटड़ी की ओर से 30 मार्च 2025 को क्रमशः 1.95 लाख, 1.98 लाख और 1.99 लाख रुपये पंचायत कोष में जमा कराए जाने की जानकारी सामने आई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि पंचायत की आराजी संख्या 2046 से संबंधित मामला हाईकोर्ट में केस संख्या 17684/2025 तथा कंटेम्प्ट संख्या 1765/2025 के रूप में विचाराधीन है। रिपोर्ट के अनुसार मामले की सुनवाई 7 सितंबर 2026 को निर्धारित थी। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि मामले में कोई स्थगन आदेश नहीं है। वहीं भूमि आवंटन से संबंधित फाइल 6 अगस्त 2026 को जिला परिषद भीलवाड़ा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भेजे जाने की बात सामने आई है।

ग्रामीणों ने उठाए प्रक्रिया पर सवाल

संघर्ष समिति प्रतिनिधि ओमनाथ योगी, मांडलगढ़ पंचायत समिति के पूर्व सदस्य जगदीश चंद्र बैरवा, दुर्गा शंकर आचार्य, कैलाश गगरानी और श्यामलाल आचार्य ने आरोप लगाया कि पंचायत की बेशकीमती भूमि के आवंटन में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। उनका कहना है कि भूमि आवंटन से पहले सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई और सड़क निर्माण विभाग से आवश्यक स्वीकृति लिए जाने को लेकर भी सवाल हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जब तक न्यायालय में मामला लंबित है, तब तक भूमि आवंटन अथवा पट्टा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

इनका कहना है


स्वाति झा, एसडीएम एवं प्रशासक, पंचायत समिति मांडलगढ़ ने बताया कि काछोला पंचायत की आबादी भूमि को पंचायत समिति स्तर पर आवंटन प्रक्रिया की अनुशंसा किए जाने संबंधी शिकायत मिली है। मामले में पंचायत समिति विकास अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दो साल पहले बनी सड़क बदहाल, खैराड़ क्षेत्र में ग्रामीणों में रोष

कई जगह सड़क का नामोनिशान तक नहीं, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

खैराड़ क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद बनी सड़क महज दो साल में बदहाल होने से ग्रामीणों में रोष है। जलिंद्री निवासी रमेश बंजारा ने बताया कि आजादी के करीब 80 वर्ष बाद क्षेत्र में सड़क निर्माण हुआ था, लेकिन निर्माण के दो वर्ष बाद ही सड़क की स्थिति खराब हो गई है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर उसका नामोनिशान तक नजर नहीं आ रहा है।



रमेश बंजारा ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने मामले का संज्ञान लेकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति से आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

परसरामपुरा में बाबा रामदेवजी की भव्य शोभायात्रा निकली

कच्ची घोड़ी, गोरिला और बाबा रामदेवजी की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत





भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा।

बाबा रामदेवजी महाराज के जन्मोत्सव एवं उजाली दूज के अवसर पर परसरामपुरा में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकियां, कच्ची घोड़ी और गोरिला नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। राजस्थान के प्रसिद्ध प्रभात बैंड कुरज की ओर से प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी की प्रतिमा पर फूल-माला और नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। वहीं सैकड़ों भक्त ढोल-ताशे और मसक बाजे की धुन पर नाचते-गाते नजर आए।

इस दौरान महादेव बलाई की ओर से फल वितरण तथा वैष्णव डेयरी की ओर से शरबत की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। रेगर, बैरवा और बलाई समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

शोभायात्रा के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री श्री 1008 बाबा बालक नाथ महाराज, समाजसेवी जितेंद्र नागर, रामगोपाल, विजय कुमार जायसवाल, दल्लीचंद गुर्जर, केदारलाल बैरवा, गजमल गुर्जर, सांवरलाल गुर्जर, सीए दीपक कुमार सेन, पप्पूलाल वैष्णव, अशोक चंदेल सहित बाबा रामदेव सेवा समिति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

सरदार नगर में बाबा रामदेव जयंती धूमधाम से मनाई

डीजे की धुन पर खूब झूमे श्रद्धालु, शोभायात्रा के साथ गोविंद सागर तालाब पहुंचा बाबा रामदेव जी का बैवाण





भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

लोकदेवता बाबा रामदेव जी की जयंती सरदार नगर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर बाबा रामदेव जी के मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके बाद बाबा रामदेव जी का बैवाण डीजे की भक्तिमय धुनों के साथ धूमधाम से जलविहार के लिए गोविंद सागर तालाब ले जाया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे की धुनों पर श्रद्धालु खूब झूमे और थिरकते नजर आए। बाबा रामदेव जी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए बाबा रामदेव जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। गोविंद सागर तालाब पहुंचने के बाद धार्मिक परंपरा के अनुसार बाबा रामदेव जी का जलविहार कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

जलविहार कार्यक्रम के दौरान भी बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। डीजे की धुन, बाबा रामदेव जी के जयकारों और झूमते श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में देबी लाल बैरवा, रामेश्वर बैरवा, ओमप्रकाश बैरवा, नगजीराम बैरवा, गोर्वधन बैरवा, रामदेव बैरवा, दुर्गा लाल बैरवा, शंकर लाल, चम्पा लाल, गोपाल एवं दुर्गेश बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। बाबा रामदेव जयंती का यह आयोजन सरदार नगर में श्रद्धा और उत्साह का केंद्र बना रहा। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जयंती मनाकर बाबा रामदेव जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

पालरा से बाबा रामदेवजी का निशान मियाला धाम के लिए रवाना

भादवी बीज पर सेन समाज ने निकाली भव्य नेजा यात्रा, आंजना महादेव में एक माह से चल रहे राम रसोड़े का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भादवी बीज के महापर्व पर पालरा (रायपुर) में बाबा रामदेवजी के प्रति श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। सेन समाज पालरा की ओर से बाबा रामदेवजी का पवित्र निशान (नेजा) मियाला धाम के लिए रवाना किया गया। यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यात्रा के दौरान देवगढ़ स्थित आंजना महादेव में पिछले एक माह से पैदल यात्रियों के लिए चल रहे विशाल राम रसोड़े का भी समापन



हुआ। इसका आयोजन नारायणलाल सेन पालरा की ओर से किया गया था। एक माह तक चले भंडारे में हजारों पैदल यात्रियों के लिए भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की गई।

समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी के निशान की विधि-विधान से आरती की। इसके बाद डीजे की भक्तिमय धुनों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। विभिन्न वाहनों के काफिले के साथ श्रद्धालु मियाला धाम पहुंचे और बाबा रामदेवजी के दरबार में पवित्र निशान चढ़ाया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र बाबा रामदेवजी के जयकारों से गूंज उठा।

823 रक्तवीरो ने चारभुजानाथ दरबार के रक्तदान शिविर में दिया रक्त

:- जलझूलनी महोत्सव के अवसर पर उमड़ा रक्तदाताओं का सैलाब, युवाओं के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया भाग
:- रक्तदान शिविर के साथ ही झलझुलन महोत्सव का आगाज





भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना

मेवाड़ के ऐतिहासिक भगवान श्रीचारभुजानाथ मंदिर परिसर में रविवार को जलझूलनी महोत्सव के अवसर पर हर पंचायत रक्त पंचायत अभियान के तहत विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। चारभुजा मंदिर ट्रस्ट एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बना। शिविर में 823 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर का शुभारंभ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्यामसुंदर चेचाणी एवं भीलवाड़ा गारमेंट्स होलसेल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश सोमाणी सहित अतिथियों ने भगवान श्रीचारभुजानाथ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सुबह से ही विभिन्न गांवों से युवा रक्तदान के लिए टोली बनाकर मुख्य बाजार से मंदिर परिसर पहुंचे और रक्तदान कर सेवा का संदेश दिया। शिविर में दिनभर रक्तदाताओं की लंबी कतार लगी रही। युवाओं के साथ महिलाओं ने भी रक्तदान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। शिविर में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय, हेमंत गर्ग, दीपक पोखरना, राजेंद्र काबरा, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला कोषाध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना, संजय बियाणी, भाजपा नेता भरत सिंह, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, महेंद्र टेलर, दिनेश डिडवानिया, राकेश काबरा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी व्यवस्थाओं में जुटे रहे।शिविर में 823 यूनिट रक्त संग्रहित होना कोटड़ी के रक्तदान अभियान की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

रक्त संग्रहण

रामस्नेही ब्लड बैंक भीलवाड़ा, कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक भीलवाड़ा , राजकीय महात्मा गांधी ब्लड बैंक भीलवाड़ा, केशव ब्लड बैंक, सुमेधा दुर्लभ जी ब्लड बैंक भीलवाड़ा, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज उदयपुर टीम द्वारा किया गया। फाउंडेशन की ओर से सभी रक्त संग्रहण टीमों का आभार व्यक्त किया गया ।

2017 से लगातार हो रहा रक्तदान

फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि वर्ष 2017 से जलझूलनी महोत्सव के दौरान लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से अब तक हजारों यूनिट रक्त संग्रहित किया जा चुका है। जिलेभर में 750 से अधिक शिविरों के माध्यम से करीब एक लाख यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है, जिसके लिए संस्था को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि विशाल जलझुलन महोत्सव का आगाज रक्त विरो के प्रभु श्रीचारभुजनाथ के चरणों मे शिविर के दौरान रक्तदान के साथ ही हो गया। रविवार से ही मन्दिर परिसर में अनेक भव्य आयोजन में अधिक से अधिक भक्तो को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

QUICK BITES

थलखुर्द में कर्नल बैंसला की जयंती मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



काछोला तहसील के थलखुर्द गांव में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के पूर्व संयोजक कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके सामाजिक संघर्ष और योगदान को याद किया गया।

वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन, सामाजिक एकता और युवाओं की भागीदारी को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं से पंचायत राज चुनावों में सक्रिय भागीदारी कर वार्डपंच, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य के रूप में गांवों के विकास में नेतृत्व देने की अपील की गई।

कार्यक्रम में घीसालाल गुर्जर, शिवकुमार गुर्जर, लादूलाल गुर्जर, भैरूलाल गुर्जर, बद्रीलाल गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर, छीतरलाल गुर्जर, नंदलाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

भादवी बीज पर निकली बाबा रामदेव की शोभायात्रा, भक्ति में रंगा आरोली

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



भादवी बीज के अवसर पर रविवार को बिजोलिया क्षेत्र के आरोली गांव में बाबा रामदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा आरोली से रवाना होकर रुणिचा धाम पहुंची। श्रद्धालु हाथों में रुणिचा धाम की ध्वजा लेकर यात्रा में शामिल हुए।

शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बाबा रामदेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया गया। रुणिचा धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भादवी बीज पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव):- कस्बे के निकटवर्ती चावंडिया गांव में बाबा रामदेव की भादवी बीज बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । इस दौरान रामदेवजी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने जगह -जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया । शंकरलाल बैरवा ने बताया कि भादवी बीज पर बाबा रामदेव मंदिर पर पूजा अर्चना कर प्रतिमा का विशेष श्रृगार किया गया । रामदेव मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंची । डीजे व ढोल नगाड़े के साथ शोभायात्रा में महिला पुरुष भजनों पर नाचते गाते हुए चले । उसके साथ ही युवाओं ने बाबा की जय जयकारों का जय घोष किया ।

बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य जुलूस में गूंजे जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



बाबा रामदेव के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को बड़लियास में रेगर समाज एवं बैरवा समाज की ओर से श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लेकर बाबा रामदेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जन्मोत्सव से बाबा रामदेव मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया और बाबा रामदेव के जयकारे लगाए। रविवार को सुबह बाबा रामदेव मंदिर से जुलूस रवाना हुआ, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचा। जुलूस में डीजे एवं ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिला, पुरुष और बच्चे नाचते-गाते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जुलूस का स्वागत किया। पूरे मार्ग में बाबा रामदेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जुलूस के मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। जन्मोत्सव को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।